बिहार सरकार

# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन प्रमंडल, खगड़िया
E-mail :- ee.khagaria.bcd@gmail.com

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

पत्रांक–....................../खगड़िया, दिनांक–......./........../2026

प्रेषक,

**ई0 मुक्ति नारायण**
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, खगड़िया।

सेवा में,

**निदेशक,**
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग,
बिहार, पटना।

विषय :– **पुनः ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–04/2026–27 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में भवन प्रंडल खगड़िया अंतर्गत **पुनः ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–04/2026–27** को **कम–से–कम** दो दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ समर्पित की जा रही है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त सूचना को **कम–से–कम** दो दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन करने की कृपा की जाय।

**अनुलग्नक :–** यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह0/–
कार्यपालक अभियता,
भवन प्रमंडल, खगड़िया।

ज्ञापांक–832(अनु0)/खगड़िया, दिनांक–21/05/2026

**प्रतिलिपि :–** जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, खगड़िया को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

21.5.26
कार्यपालक अभियता,
भवन प्रमंडल, खगड़िया।

21/05/2026

BCD KHAGARIA

Scanned with OKEN Scanner

# बिहार सरकार

# भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, खगड़िया

## ई0–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–04/2026–27

(केवल ई0 निविदा पद्धति के अनुसार बेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

(Double Bid System)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | :– | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, खगड़िया। |
| 2. | निविदा आमंत्रण की तिथि | :– | दिनांक–21.05.2026 |
| 3. | प्रिबीड मिटिंग की तिथि, समय एवं स्थान | :– | (I) दिनांक– 08.06.2026 को 3:00 बजे अपराह्न अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, भागलपुर।<br>(II) दिनांक– 15.06.2026 को 3:00 बजे अपराह्न मुख्य अभियंता(द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना। |
| 4. | परिमाण विपत्र (डाउनलोड करने) की तिथि एवं समय | :– | दिनांक–02.06.2026 से 24.06.2026 को 3:00 बजे अपराह्न तक। |
| 5. | निविदा प्राप्ति (अपलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय | :– | दिनांक–25.06.2026 को 3:00 बजे अपराह्न तक। |
| 6. | निविदा खोलने की तिथि एवं | :– | दिनांक–27.06.2026 को 3:30 बजे अपराह्न। |
| 7. | परिमाण विपत्र का बिक्री स्थान | :– | वेबसाईट ( WWW.eproc2.bihar.gov.in ) |
| 8. | निविदा प्राप्ति का स्थान | :– | वेबसाईट ( WWW.eproc2.bihar.gov.in ) |
| 9. | निविदा वैधता की तिथि | :– | 120 दिन |

कार्य का विवरण:–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | ई0 निविदा प्रोसेसिंग फीस | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 |
| 1 | अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय, गोगरी, खगड़िया में लॉयर्स हॉल (भू–तल, जिसमें फाउंडेशन G+2 के लिए हो) के निर्माण कार्य। (विद्युत कार्य सहित) | 70.05 | 1,40,100.00 | 10,000.00 | eproc2.bihar.gov.in बेवसाईट के अनुसार | 06 माह |

10. राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/केन्द्रशासित प्रदेश के वैसे संवेदक जो समुचित श्रेणी में निबंधित है वे निविदा में भाग ले सकते है। वैसे संवेदक जो भवन निर्माण विभाग में निबंधित नहीं है उन्हें कार्यावंटन/Letter of Acceptance के पश्चात् भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना में समुचित श्रेणी में निबंधन करना अनिवार्य होगा।
11. पथ निर्माण विभाग, बिहार के अधिसूचना संख्या 447(S)–सह–पठित ज्ञापांक संख्या 448(S) दिनांक–16.01.2020 एवं भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–566(भ), दिनांक–17.01.2020 में निहित शर्त इस निविदा में प्रभावी होगें।
12. परिमाण विपत्र की राशि अंक गणितीय गणना में स्वीकृति पश्चात् घट/बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि 2% की दर से (100 के गुणक में) अनुसूचित मद में एवं 2% की दर से (100 के गुणक में) गैर अनुसूचित मद में निविदित राशि के अनुरूप देय होगा।
13. निविदा केवल ई–निविदा पद्धति के अनुसार बेबसाईट (www.eproc2.bihar.gov.in) पर निष्पादित किया जाएगा। टॉल फ्री नम्बर 18005726571 एवं Email Id: eproc2support@bihar.gov.in पर कार्य दिवस अवधि (8AM से 7PM) में विशेष जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।
14. ई–निविदा में भाग लेने के इच्छुक संवेदकों को eproc-2 के साथ निबंधन कराना होगा। बेबसाईट पर आवश्यक निबंधन प्रपत्र उपलब्ध है। इस निबंधन से उन्हें User Id, Password, DSC एवं इन्टरनेट के उपयोग से ही संवेदक ई–निविदा मे भाग ले सकेंगें।
15. निविदा प्रपत्र बेबसाईट पर Tender Free View में उपलब्ध है जिसे सिर्फ बेबसाईट से ही प्राप्त (डाउनलोड) किया जा सकता है।
16. निविदा कागजात भरकर बेबसाईट पर ही जमा (अपलोड) किया जा सकेगा। निविदा खोलने की जानकारी बेबसाईट से ही प्राप्त होगी। निविदा संबंधित किसी भी प्रकार का शुद्धि–पत्र बेबसाईट पर प्रकाशित किया जायेगा।
17. भवन निर्माण विभाग के पत्रांक–7534(भ) दिनांक–24.12.2020 के आलोक में e-proc2.0 प्रणाली के तहत मात्र ऑनलाईन विधि से समर्पित EMD (अग्रधन की राशि) ही स्वीकार किये जाएगें। यदि किसी निविदाकार के द्वारा भौतिक रूप से EMD जमा किया जाना आवश्यक हो तो मात्र B.G (बैंक गारंटी) ही स्वीकार किया जाएगा। संवेदक निविदा कागजात के साथ B.G को स्केन कर अपलोड करेंगे तथा B.G भौतिक रूप से मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता के कार्यालय में जमा करेंगे। e-proc2.0 में परिमाण विपत्र की राशि का भुगतान Internet Payment Gateway/Chalan के माध्यम से ही होगा। इन शर्तों को पूरा नहीं करने पर निविदा अमान्य माना जाएगा।
18. कार्य के सामने स्तम्भ 5 में अंकित Bid-Processing Fee+service tax का भुगतान संवेदक को Internet payment gateway (credit/Debit cards) अथवा Internet Banking अथवा NEFT/RTGS CHALLAN के माध्यम से B.S.E.D.C. के Bid Processing Fee Account में Credit करना होगा।
19. कार्य की पूर्ण जानकारी/निविदा का निष्पादन online प्रणाली के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, खगड़िया, अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, भागलपुर द्वारा किया जायेगा।
20. बिना कारण बताये निविदा को अस्वीकृत करने/रद्द करने का अधिकार सक्षम पदाधिकारी को सुरक्षित है।

BCD KHAGARIA

Scanned with OKEN Scanner

21. माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा CWJC No-9941/2022 बिहार संवेदक संघ बनाम बिहार सरकार एवं अन्य में दिनांक–06.07.2023 को सुनवाई के उपरान्त पारित न्यायादेश में वादी द्वारा दायर Writ याचिका को Dismissed कर दिया गया है। पथ निर्माण विभाग, बिहार के अधिसूचना संख्या 447(s)–सह–पठित ज्ञापांक संख्या 448(s) दिनांक–16.01.2020 एवं भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–566(भ), दिनांक–17.01.2020 में निहित शर्त इस निविदा में प्रभावी होंगें। सिड्यूल दर से कम दर उद्धत करने पर बैंक गारंटी के रूप में अतिरिक्त जमानत की राशि निम्न प्रकार भी जमा करना होगा अन्यथा निविदा रद्द कर दी जायेगी।

(क) परिमाण विपत्र की दर से 0 से 5 प्रतिशत कम उद्धत दर वाले निविदा के लिए 0.25 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।

(ख) परिमाण विपत्र की दर से 5 से 15 प्रतिशत कम उद्धत दर वाले निविदा के लिए 0.5 प्रतिशत अतिरिक्त कार्यप्रतिभूति (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।

(ग) परिमाण विपत्र की दर से 15 से 20 प्रतिशत कम उद्धत दर वाले निविदा के लिए 01 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।

(घ) परिमाण विपत्र की दर से 20 प्रतिशत से अधिक कम उद्धत दर वाले निविदा के लिए 02 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।

22. कुल प्राक्कलित राशि में वास्तविक खर्च का एक प्रतिशत निर्माण श्रमिकों के लिए Cess के रूप में बिल भुगतान के समय काट लिया जायेगा।

23. निविदा के साथ **निबंधन प्रमाण पत्र एवं परिमाण विपत्र में विधुत कार्य मद भी रहने पर संवेदक को स्वयं का विधुत कार्य का निबंधन, पैन नंबर एवं अद्यतन जी0एस0टी0 की अभिप्रमाणित छायाप्रति** संलग्न करना अनिवार्य होगा।

24. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के किसी भी विभाग या संस्थान में किसी भी श्रेणी में काली सूची में डाले गये संवेदक इस निविदा में भाग लेने योग्य नहीं होंगें।

25. अभियंत्रण ईकाई में कार्यरत कर्मियों की सूची एवं नियोजन के संबंध में नियोजनकर्त्ता एवं नियोजित अभियंता का शपथ प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

26. यंत्र–संयंत्र की सूची संलग्न करना अनिवार्य होगा। साथ ही भवन निर्माण विभाग में यंत्र–संयंत्र हेतु समय–समय पर निर्गत आदेश मान्य होगा।

27. वैसे संवेदक निविदा में भाग लेने से वंचित है (Debar) जिनपर किसी कारणवश पूर्व से आवंटित योजना कार्य लंबित चल रहा है या जो आवंटित कार्य एकरारनामा नहीं किये हैं, या फिर शुरू नहीं किये हैं, निविदा में भाग लेने के पात्र नहीं होंगें।

28. निविदादाता स्थल का भली–भाँती निरीक्षण कर ही अपना दर उद्धित करेंगें। बाद में किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

29. निर्माण कार्य में उपयोग होनेवाले प्रत्येक सामग्री के गुणवत्ता की सम्पुष्टि ईन्जीनियर इन चार्ज से कराने के बाद ही उसका उपयोग संबंधित कार्यो में करना होगा।

30. निधि उपलब्ध होने पर ही एकरारनामा, कार्यादेश एवं भुगतान किया जाएगा। संवेदक का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

31. क्रमांक–4 एवं 5 में किसी दिन अवकाश घोषित होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस मान्य होगा तथा अलग से इसकी कोई सूचना नहीं दी जाएगी।

32. निविदाकारों द्वारा जमा किये गये अग्रधन की राशि पर किसी प्रकार का सूद विभाग द्वारा देय नहीं होगा।

33. सशर्त्त निविदा अमान्य होगा।

34. नए कार्य के लिए तीन वर्ष एवं विशेष मरम्मति कार्य के लिए एक वर्ष Defect Liability रहेगा।

35. अपर मुख्य सचिव गृह विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक–29, दिनांक–25.01.2021 के आलोक में बिना अद्यतन **चरित्र प्रमाण–पत्र** के निविदा मान्य नहीं होगा।

36. अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–7974 (भ), दिनांक–09.11.2022 द्वारा Unique Document Identification Number (UDIN) संबंधी शर्त निविदा में लागू होगा।

37. विभागीय निर्देशानुसार समुचित शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

38. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना बेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

Sd/-
कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, खगड़िया।

ज्ञापांक– 832 खगड़िया/दिनांक– 21/05/2026

प्रतिलिपि :– निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, बिहार पटना को पाँच प्रतियों एवं एक सी.डी. के साथ कम–से–कम दो समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ समर्पित।

अनुलग्नक :– एक सी.डी. एवं पाँच प्रति।

21.5.26
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, खगड़िया।

21/05/2026

BCD KHAGARIA

Scanned with OKEN Scanner